# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जैतारण (जिला. पाली) राज0

पीठासीन अधिकारी : श्री मनमोहन व्यास, आर0ए0एस0

राजस्व वाद संख्या : 89/2018

| वादी | बनाम | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. जोगीराम पुत्र भुराराम<br>2. रामनिवास पुत्र घीसाराम<br>3. प्रहलाद पुत्र घीसाराम<br>4. गुटकी पत्नि घीसाराम<br>जातियान–जाट,<br>निवासीगण–डिगरना,<br>तहसील– जैतारण, जिला–पाली। | | 1. पोकरराम पुत्र सुखाराम<br>2. बाबुराम पुत्र सुखाराम<br>3. मादाराम पुत्र हरदीनराम<br>4. जेपाराम पुत्र हरदीनराम<br>5. छोटूराम पुत्र हरदीनराम<br>6. बिदामीदेवी पुत्री हरदीनराम<br>7. कमलादेवी पुत्री हरदीनराम<br>8. परमादेवी पुत्री हरदीनराम<br>9. दाखुदेवी पत्नि हरदीनराम<br>10. हापुराम पुत्र मगाराम<br>11. रामा पुत्र मंगाराम<br>12. सियाराम पुत्र मंगाराम<br>13. सुशीला पत्नि पेमाराम<br>14. रेखा पुत्री पेमाराम<br>15. हेमन्त पुत्र पेमाराम<br>जातियान–जाट, निवासी–डिगरना,<br>तहसील–जैतारण, जिला–पाली, (राज.)<br>16. तहसीलदार, जैतारण |

**राजस्व वाद बाबत् बंटवाड़ा व स्थाई निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 53,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955** **तारीख रजू:.03/05/2018**

उपस्थितः. 1. श्री करनीदान चारण, अधिवक्ता, वादी।

**–:: निर्णय ::–** **दिनॉकः– 04/06/2018**

वकील मय वादी ने एक राजस्व वाद बाबत् बंटवाड़ा अन्तर्गत धारा 53ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955, के तहत् विरूद्ध प्रतिवादीगण इस आशय का प्रस्तुत कर निवेदन किया हैं कि सरहद मौजा–डिगरना में कृषि भूमि खसरा नंबर 93 रकबा 84–02, खसरा नंबर 290 रकबा 18–18, खसरा नंबर 294 रकबा 5, खसरा नंबर 905 रकबा 6–15 कुल खसरा 04 कुल रकबा 114–15 बीघा हैं कि उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि बाबत जमाबंदी सम्वत् 2073 से 2076 साथ पेश है जो दावा का भाग माना जावे। सरहद मौजा डूंगरनगर में कृषि भूमि खसरा नंबर 83 रकबा 22–08, खसरा नबर 85 रकबा 17–02, खसरा नंबर 91 रकबा 18–03 कुल खसरा 03 कुल रकबा 57–13 बीघा है। कि उपरोक्त भूमि की जमाबंदी सम्वत् 2072 से 2075 की साथ पेश है जो दावा का भाग माना जावे। सरहद मोजा डिगरना में कृषि भूमि खसरा नंबर 930 रकबा 29–12, खसरा नंबर 930/1 रकबा 03, खसरा नंबर 930/2 रकबा 03, खसरा नंबर 930/3 रकबा 1–06 कुल खसरा 04 कुल रकबा 36–15 है कि उपरोक्त भूमि की नकल जमाबंदी सम्वत् 2073 से 2076 की साथ पेश है जो दावा का भाग माना जावे। सरहद मौजा डिगरना व डूंगरनगर में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 930 के अलावा सभी में भूराराम जी का 1/4 हिस्सा, मंगारामजी का 1/4 हिस्सा, सुखारामजी का 1/4 हिस्सा व हरदीनराम का 1/4 हिस्सा है यह भूमि जवानाराम जी की थी। जिनके चार लड़के हुए जिनका नाम दावे में वर्णित है मंगाराम, सुखाराम, हरदीनराम फौत हो चुके है उनके वारिसान के नाम दावे में अंकित है। समस्त भूमि राजस्व रेकर्ड में शामलाती है तथा शामलाती ही कब्जाकाश्त है शामलाती है तथा भूमि रहने से उन्नत रूप से खेती नहीं की जा सकती ऐसी स्थिति में भूमि एवं लगान का बाई मिण्टस एण्ड बाउण्डस के बन्टवाड़ा किया जाना आवश्यक है व अलग से खाता खोलकर पत्थर गडडी करवाई जानी आवश्यक है। खसरा नंबर 930 का कुल रकबा 36 बीघा 15 बिस्वा है जिसमें रकबा 03 बीघा, खसरा नंबर 930/1 रामनिवास पुत्र घीसाराम जी का है खसरा नंबर 930/2 रकबा 03 बीघा लिखमाराम पुत्र जोगीराम जी जो बालिग हो गए है उनका है खसरा नंबर 930/3 रकबा 01 बीघा 06 बिस्वा हापुराम, रामाराम, सियाराम, सुशीला, रेखा, हेमन्त जो पेमाराम के वारिसान है उनका

उपखण्ड अधिकारी
जैतारण (पाली)



Scanned by CamScanner

है तथा खसरान 930 रकबा 29 बीघा 12 बिस्वा मादाराम, जेपाराम, छोटूराम, बिदामी, कमली, परमाई पिता हरदीनराम दाखूड़ी पत्नि हरदीनराम का है तथा जमाबंदी में दर्ज है यह भूमि मोके पर शामलाती है। जिनका बाई मिण्टस एण्ड बाउण्डस के बंटवाड़ा नहीं किया गया है। तथा नक्शा ट्रेस में भी तरमीम नहीं किया गया है नक्शा ट्रेस की प्रमाणित प्रतिलिपि साथ पेश है राजस्व रेकर्ड जमाबंदी में खसरा नबर 930के बटा नंबर 930/1, 930/2, 930/3 व 930 डाले हुए है इस प्रकार से इस भूमि का भी भूमि एवं लगान का बाई मिण्टस एण्ड बाउण्डस बंटवाड़ा करवाया जाकर नक्शा में तरमीम करवाया जावे व पत्थरगडडी करवाई जावे। वादीगण ने वाद में वण्रित भूमि का बाई मिण्टस एण्ड बाउण्डस बंटवाड़ा का ग्राम डिगरना में प्रतिवादगण को दिनांक 11-02-2018 को कहा तो इन्कार हो गए। इसलिए यह वाद बंटवाड़ा व स्थाई निषेधाज्ञा का पेश है। बिनाय दावा दिनांक 11-02-2018 को ग्राम डिगरना में प्रतिवादीगण द्वारा बंटवाडा करने इन्कार करने पर बमुकाम डिगरना में पैदा हुआ। जो श्रीमान के क्षेत्राधिकार में है।

वादी का दावा दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादीगण को तलब किया गया। प्रति0 संख्या 01 से 15 बावजूद तामिली / सूचना के अनुपस्थित रहने से एक पक्षीय कार्यवाही की जाती हैं। वकील वादी ने वाद के समर्थन में साक्ष्य का शपथ पत्र पेश किया, सा.मि. हैं।

पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रस्तुत वाद-पत्र मय शपथ-पत्र एवं दस्तावेजात का गहनता से अध्ययन किया गया तथा बहस पर गौर कर मनन किया गया। वस्तुतः वादी राजस्व रेकर्ड स्वयं अपने हिस्से के खातेदार काश्तकार दर्ज हैं। वादी अपनी आराजी का बाई मिट्स एण्ड बाउण्डस तकासमा चाहते हैं। लिहाजा वादी के हिस्से की भूमि का बाई मिट्स एण्ड बाउण्डस् के बंटवाडा की प्राथमिक डिक्री जारी कर बंटवाडा करवाया जाना उचित समझते हुए माफिक राजस्व रिकॉर्ड प्राथमिक डिक्री बहक वादी विरूद्ध प्रतिवादीगण इस आशय की सादिर की गई कि कि सरहद मौजा- डिगरना में कृषि भूमि खसरा नंबर 93 रकबा 84-02, खसरा नंबर 290 रकबा 18-18, खसरा नंबर 294 रकबा 5, खसरा नंबर 905 रकबा 6-15 कुल खसरा 04 कुल रकबा 114-15 बीघा भूमि का जो राजस्व रेकर्ड में वादी एवं प्रतिवादीगण की सामलाती व कब्जे काश्त की हैं, बंटवाड़ा बाई मिट्स एण्ड बॉउण्डस करवाया जाकर खाता व लगान अलग-अलग दर्शाकर पत्थरगढ़ी /नेखमबन्दी करवाकर बंटवाड़ा रिपोर्ट मय नजरी नक्शा बनाया जाने हेतु एवं बंटवाड़ा रिपोर्ट मय नजरी नक्शा प्रस्तुत करने हेतु तहसीलदार, जैतारण को अधिकृत किया जाकर आदेशित किया गया।

तहसीलदार, जैतारण ने अपने क्रमांक/भू0अ0/2019/2743 दिनांक 21/05/2019 द्वारा प्राथमिक डिक्री की पालना अर्थात् बंटवाड़ा रिपोर्ट /विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा सहित प्रस्तुत की, सा0मि0 की गई।

पत्रावली मय दस्तावेजात एवं बंटवाड़ा रिपोर्ट /विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा का गहनता से अवलोकन किया गया। बंटवाड़ा रिपोर्ट /विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा फर्द पर वादी एवं प्रतिवादीगण के हस्ताक्षर हैं। वकीलवादी को सुना गया। वकीलवादी ने माफिक बंटवाड़ा रिपोर्ट विभाजन प्रस्ताव वादी का वाद डिक्री किया जाकर बंटवाड़ा किये जाने की ईश्तदुआ की हैं। लिहाजा माफिक बंटवाड़ा रिपोर्ट /विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा वादीगण का वाद डिक्री किया जाकर बंटवाड़ा किया जाना उचित समझते हैं।

## -::आदेश::-

अतः माफिक बँटवाड़ा रिपोर्ट मय नजरी नक्शा अंतिम डिक्री बहक वादीगण विरूद्ध प्रतिवादीगण इस अमर की सादिर की जाती हैं कि सरहद मौजा- डिगरना में कृषि भूमि खसरा नंबर 93 रकबा 84-02, खसरा नंबर 290 रकबा 18-18, खसरा नंबर 294 रकबा 5, खसरा नंबर 905 रकबा 6-15 कुल खसरा 04 कुल रकबा 114-15 बीघा भूमि का बँटवाड़ा अर्थात् विभाजन निम्नांकित रूप से किया जाता हैं :-

उपखण्ड अधिकारी
जैतारण (पाली)

Scanned by CamScanner

| क्र. सं. | नाम खातेदारान मय वल्दियत व सकूनत | खसरा नम्बर | रकबा बीघा बिस्वा | किस्म | लगान |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्तमान जमाबंदी अनुसार खातेदार का विवरण :-** | | | | | |
| 1 | गोपी बेवा भूरा गुट्की बेवा घीसाराम रामनिवास प्रहलाद पिता घीसाराम जोगीराम पुत्र भूराराम पोकरराम बाबुराम पिता सुखा मादाराम जैपाराम छोटूराम पिता हरदीनराम बिदामीदेवी कमलादेवी परमादेवी पुत्रियां हरदीनराम दाखूदेवी पत्नी हरदीनराम 3/4 हापूराम रामा सियाराम पिता मघाराम हेमन्त टोगस पुत्र पेमाराम उषा टोगस पुत्री पेमाराम सुशिला देवी पत्नी पेमाराम 1/4 कौम जाट सा.देह खातेदार। रहन पेमाराम सीयाराम बाबुराम हापूराम का हि. एस.बी.बी.जे. आ.कालू जोगीराम का हि. एम.जी.बी. आ.कालू। | 93<br>290<br>294<br>905 | 84-02<br>18-18<br>05-00<br>06-15 | बा.अ.<br>बा.अ.<br>बा.अ.<br>बा.दो. | |
| | **योग** | **4** | **114-15** | | |
| **प्रस्तावित बंट्वाड़ा अनुसार खातेदार का विवरण :-** | | | | | |
| 1 | गोपी बेवा भूरा गुट्की बेवा घीसाराम रामनिवास प्रहलाद पिता घीसाराम जोगीराम पुत्र भूराराम कौम जाट सा. देह खातेदार रहन जोगीराम का हि. एम.जी.बी. आ.कालू | 93/1<br>290/1<br>905/1 | 21-00<br>06-00<br>01-13 | बा.अ.<br>बा.अ.<br>बा.दो. | 6.51<br>1.86<br>0.51 |
| | **योग** | **3** | **28-13** | | **8.88** |
| 2 | पोकरराम बाबुराम पिता सुखा मादाराम जैपाराम छोटूराम पिता हरदीनराम बिदामीदेवी कमलादेवी परमादेवी पुत्रियां हरदीनराम दाखूदेवी पत्नी हरदीनराम 2/3 हापूराम रामा सियाराम पिता मघाराम हेमन्त टोगस पुत्र पेमाराम उषा टोगस पुत्री पेमाराम सुशिला देवी पत्नी पेमाराम 1/3 कौम जाट सा.देह खातेदार। रहन पेमाराम सीयाराम बाबुराम हापूराम का हि. एस.बी.बी.जे. आ.कालू। | 93<br>290<br>290/2<br>294<br>905 | 63-02<br>04-07<br>08-11<br>05-00<br>05-02 | बा.अ.<br>बा.अ.<br>बा.अ.<br>बा.अ.<br>बा.दो. | 19.56<br>1.34<br>2.65<br>1.55<br>1.58 |
| | **योग** | **5** | **86-02** | | **26.68** |
| **वर्तमान जमाबंदी अनुसार खातेदार का विवरण :-** | | | | | |
| 1 | घीसाराम जोगीराम पिता भूराराम हापूराम रामाराम सीयाराम पिता मगा हेमन्त टोगस पुत्र पेमाराम उषा टोगस पुत्री पेमाराम सुशिला देवी पत्नी पेमाराम पोकरराम बाबुराम पिता सुखा माधाराम जैपाराम छोटूराम पिता हरदीनराम बिदामीदेवी कमलादेवी परमादेवी पुत्रियां हरदीनराम दाखूदेवी पत्नी हरदीनराम प्रहलादराम पुत्र घीसाराम सीयाराम पुत्र मंगाराम पोकरराम पुत्र सुखाराम जेपाराम पुत्र हरदीन कौम जाट सा.देह खातेदार रहन हापूराम पेमाराम रामाराम सीयाराम पिता मगा का हि. पाली जि.स.भू.वि.बैंक शाखा जैतारण। | 83<br>85<br>91 | 22-08<br>17-02<br>18-03 | बा.दो.<br>बा.दो.<br>बा.दो. | |

उपखण्ड अधिकारी
जैतारण (पाली)



Scanned by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | योग | 3 | 57-13 | | |
| प्रस्तावित बंटवाड़ा अनुसार खातेदार का विवरण :- | | | | | |
| 1 | घीसाराम जोगीराम पिता भूराराम प्रहलादराम पुत्र घीसाराम कौम जाट सा. देह खातेदार | 85/1<br>91/1 | 05-08<br>09-00 | बा.दो.<br>बा.दो. | 1.67<br>2.79 |
| | योग | 2 | 14-08 | | 4.46 |
| 2 | हापूराम रामाराम सीयाराम पिता मगा हेमन्त टोगस पुत्र पेमाराम उषा टोगस पुत्री पेमाराम सुशिला देवी पत्नी पेमाराम पोकरराम बाबुराम पिता सुखा माधाराम जैपाराम छोटूराम पिता हरदीनराम बिदामीदेवी कमलादेवी परमादेवी पुत्रियां हरदीनराम दाखूदेवी पत्नी हरदीनराम सीयाराम पुत्र मंगाराम पोकरराम पुत्र सुखाराम जेपाराम पुत्र हरदीन कौम जाट सा. देह खातेदार रहन हापूराम पेमाराम रामाराम सीयाराम पिता मगा का हि. पाली जि.स.भू.वि.बैंक शाखा जैतारण। | 83<br>85<br>85/2<br>91 | 22-08<br>04-18<br>06-16<br>09-03 | बा.दो.<br>बा.दो.<br>बा.दो.<br>बा.दो. | 6.94<br>1.51<br>2.10<br>2.83 |
| | योग | 4 | 43-05 | | 13.38 |

तदनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें। बंटवाड़ा रिपोर्ट /विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा निर्णय का एक भाग माना जावें। वादी के कब्जे काश्त में दखलन्दाजी करने से प्रतिवादीगण को जरिए स्थाई निषेधाज्ञा रोका जाता हैं। डिक्री पर्चा बनाया जाकर पत्रावलीबद्ध किया जावें। तहसीलदार जैतारण को डिक्री पर्चा मय बंटवाड़ा रिपोर्ट की प्रति भेजकर पालना मंगवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर /लेखय भण्डार जमा हो।

उपखण्ड अधिकारी
जैतारण (पाली)
उपखण्ड अधिकारी,जैतारण
जिला-पाली (राज0)

निर्णय आज दिनॉक 04/06/2019 को सरे ईजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
जैतारण (पाली)
उपखण्ड अधिकारी,जैतारण
जिला-पाली (राज0)



Scanned by CamScanner